RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 254 | नागौर, 22 अगस्त, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## केजरीवाल आबकारी नीति 'घोटाले'के सरगना, हथकड़ी उनके करीब आ रही : भाजपा

नयी दिल्ली।



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर आबकारी नीति 'घोटाले' का ''सरगना'' होने का आरोप लगाया और कहा कि भ्रष्टाचार की कलई खुलने के साथ-साथ हथकड़ी उनके करीब आ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि जब कोविड-19 प्रभावित लोगों को मदद की जरूरत थी तब केजरीवाल भ्रष्टाचार में लिप्त थे।

उन्होंने कहा, ''आबकारी नीति 'घोटाले' की जड़ें भ्रष्ट केजरीवाल के दरवाजे तक जाती हैं। कोई भी कानून से ऊपर नहीं है और किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।'' संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा, ''दिल्ली की आबकारी नीति भ्रष्ट साबित हुई है। अरविंद केजरीवाल इस पूरे घोटाले के सरगना हैं।''

भाटिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) को 24 घंटे के भीतर बताना चाहिए कि अगर भ्रष्टाचार नहीं हुआ तो नयी आबकारी नीति क्यों वापस ली गई।

उन्होंने तंज कसते हुए कि कहा कि आप के भ्रष्टाचार की गारंटी (भारतीय मानक ब्यूरो के)'आईएसआई मार्क' की गारंटी से बड़ी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब की आप सरकारों के स्वास्थ्य मंत्री भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं।

## राजस्थान विधानसभा का सत्र 19 सितंबर से

जयपुर.



राजस्थान की 15वीं विधानसभा के सातवें सत्र की बैठक 19 सितम्बर से फिर शुरू होगी। संसदीय कार्य विभाग के अनुरोध पर विधानसभा सचिवालय ने राजपत्र में सत्र की बैठक बुलाने का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। दरअसल, मार्च में 28 मार्च की शाम बजट सत्र की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई थी।

इसके साथ बीजेपी के नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया और विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि गहलोत सरकार ने राज्यपाल के अधिकार अपने पास रखने का ट्रेंड बना लिया है। यह लोकतांत्रिक व्यवस्था का हनन है। जब से गहलोत सरकार पर राजनीतिक संकट आया है। तब से वह डरी हुई है।

राज्यपाल के सत्र बुलाने के अधिकार को सरकार ने अपने पास रख लिया है। वह जब चाहे तब खुद सत्र बुलाने की पावर अपने पास रखना चाहती है। हम इसका विरोध करते हैं और राज्यपाल को सारे हालात की जानकारी देंगे। विधानसभा सचिवालय ने 19 सितम्बर को सुबह 11 बजे से सदन की बैठक बुलाई गई है।

# पूरे भारत में मॉनसून का कहर!

## तीन दिन में 31 लोगों की गयी जान

## वैष्णो देवी में बिगड़े हालात देवभूमि में फटा बादल



शिमला/देहरादून।

मॉनसूनी बारिश से अचानक आई बाढ़, भूस्खलन और मकान ढहने की घटना में उत्तर के पहाड़ी इलाकों और पूर्व के मैदानी इलाकों में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गयी जिसके बाद देश के एक बड़े हिस्से में जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। मृतकों में 22 लोग अकेले हिमाचल प्रदेश के हैं। उत्तराखंड और ओडिशा में चार-चार और झारखंड में एक व्यक्ति की मौत हुई है। हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में आठ एक ही परिवार के हैं।

प्रदेश में दस लोग इन हादसों में घायल हुये हैं। राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक सुदेश कुमार मोख्ता ने कहा कि भारी बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान मंडी, कांगड़ा और चंबा जिले में हुआ है। उन्होंने बताया कि राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम संबंधी 36 घटनाएं दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि मंडी में मनाली-चंडीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग और शोघी में शिमला-चंडीगढ़ राजमार्ग सहित 743 सड़कों को जलभराव के कारण यातायात के लिए बंद कर दिया गया है। पिछले कुछ दिनों में लगभग 31 मौतों के साथ पूरे देश में मानसून की बारिश ने कहर बरपाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने आने वाले दिनों में और बारिश की भविष्यवाणी की है, जिससे स्थिति और खराब होने की संभावना है। भारी बारिश ने तीर्थयात्रियों को जम्मू और कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में अपनी चढ़ाई जारी रखने से रोक दिया है।

### जम्मू और कश्मीर

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में मूसलाधार बारिश के बाद पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला के ऊपरी इलाकों में दारहाली नदी के उफान पर आने के बाद अचानक बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। इससे पहले शनिवार को जम्मू के माता वैष्णो देवी तीर्थ के लिए तीर्थयात्रियों की आवाजाही क्षेत्र में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ के कारण रोक दी गई थी। वैष्णो देवी मंदिर जम्मू और कश्मीर के रियासी जिले के कटरा शहर में है। रविवार को यात्रा फिर से शुरू हुई। श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने एक बयान में कहा भारी बारिश के मद्देनजर कटरा से वैष्णो देवी मंदिर में तीर्थयात्रियों की ऊपर की आवाजाही को रोक दिया गया है।

### उड़ीसा

इस बीच ओडिशा की सीमाओं पर गहरे दबाव के कारण भारी बारिश के कारण आई बाढ़ के कारण ओडिशा के कई तटीय क्षेत्र कट गए हैं। भारी बारिश के कारण दीवारें गिरने की अलग-अलग घटनाओं में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। मयूरभंज, बालासोर और क्योंझर जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई। विशेष राहत आयुक्त पीके जेना ने कहा मयूरभंज जिले में सबसे अधिक 260 मिमी बारिश दर्ज की गई। 18 ब्लॉकों में 100 मिमी से अधिक बारिश हुई, डांगा और पुरी क्षेत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आईएमडी भुवनेश्वर के निदेशक एचआर विश्वास ने कहा- झारखंड के ऊपर गहरा दबाव उत्तर-पश्चिम में चला गया है। यह धीरे-धीरे कमजोर होगा।

### हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश में पिछले 24 घंटे में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन, बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गयी। मरने वालों में आठ एक ही परिवार के हैं। प्रदेश में दस लोग इन हादसों में घायल हुये हैं। मंडी जिले के उपायुक्त ने बताया कि अकेले मंडी जिले में बाढ़ और भूस्खलन के कारण 13 लोगों की मौत हो गई और छह लोग लापता हो गए। प्रदेश के कांगड़ा में चक्की पुल शनिवार को भारी बारिश के कारण गिर गया, जिससे पठानकोट और जोगिंदरनगर के बीच ट्रेन सेवा बाधित हो गई।

### उत्तराखंड

भारी बारिश से उत्तराखंड के कई हिस्से जलमग्न हो गए। लगातार बारिश से पौड़ी, टिहरी और देहरादून जिलों में व्यापक तबाही हुई है। उत्तराखंड में को तड़के बादल फटने की विभिन्न घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी, जबकि 10 लापता हो गए क्योंकि बारिश के कारण तटबंध टूट गये, पुल बह गए, और घरों के अंदर कीचड़ और पानी जमा हो गया। इससे कई गांवों से लोगों को निकालने के लिए मजबूर होना पड़ा। पानी से अधिक नुकसान होने के मद्देनजर परिवहन के हिसाब से कई सड़कों को अवरुद्ध कर दिया गया, जबकि उत्तराखंड के पौड़ी जिले

### उत्तर-प्रदेश

उत्तर प्रदेश में प्रयागराज और वाराणसी के गंगा के मैदानों में भी गंगा और यमुना दोनों के जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। इससे जिले के कई रिहायशी इलाकों में जलभराव हो गया है। वाराणसी जिला प्रशासन के अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि बाढ़ का पानी चेतावनी स्तर 70 .6262 मीटर से महज एक मीटर नीचे था और करीब 2 सेंटीमीटर प्रति घंटे की दर से बढ़ रहा था। अधिकारियों ने बताया कि वरुणा नदी भी उफान पर है। वाराणसी के घाटों ने दाह संस्कार को प्रभावित किया है, जिससे लोग अंतिम संस्कार के लिए अन्य स्थानों का उपयोग करने के लिए मजबूर हैं। प्रयागराज में बाढ़ ने बच्चों की शिक्षा को प्रभावित किया है क्योंकि स्कूलों को बंद करने के लिए मजबूर किया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि डेयरी कारोबार भी प्रभावित हुआ है।

### राजस्थान

राजस्थान में 4 दिन बाद फिर मानसून सिस्टम एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग ने आज झालावाड़, कोटा, बारां, बूंदी, सवाईमाधोपुर में बहुत ही भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। यहां 8 इंच से ज्यादा( 115 से 205 स्र्स्र) तक बारिश होने के आसार है। प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, टोंक, करौली में 4 इंच से ज्यादा( 65 से 115 मिलीमीटर तक) पानी बरस सकता है।

मौसम केंद्र जयपुर ने झालावाड़,प्रतापगढ़ और बारां में बहुत ज्यादा भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। कोटा, बूंदी, टोंक, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर,उदयपुर,पाली में ऑरेंज अलर्ट है। यहां 8 इंच से ज्यादा (205 मिलीमीटर तक) बरसात होगी। भीलवाड़ा, राजसमंद, सिरोही, अजमेर, जयपुर, दौसा, करौली, अलवर, सीकर, नागौर, बीकानेर, जोधपुर में 4 इंच से ज्यादा ( 65 से 115 मिलीमीटर तक) बारिश होगी।

23 अगस्त को उदयपुर, सिरोही, पाली, जालोर, बाड़मेर, जैसलमेर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। डूंगरपुर, राजसमंद, नागौर,जोधपुर में भारी बारिश का यलो अलर्ट है। 24 अगस्त को जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर, जोधपुर में भी यलो अलर्ट है।

**पूर्वी भारत** -बारिश ने पूर्वी भारत के कुछ हिस्सों को भी प्रभावित किया, ओडिशा में पहले से ही महानदी नदी का क्षेत्र बाढ़ की चपेट में है और 500 गांवों में लगभग 4 लाख लोग फंसे हुए हैं। इससे चार लोगों की मौत हुयी है जबकि पड़ोसी झारखंड में एक व्यक्ति की मौत हुयी है। ओडिशा को और अधिक नुकसान हुआ है और इसके उत्तर में कुछ हिस्सों में शुक्रवार रात से बारिश हो रही है।

## पीएम नरेन्द्र मोदी के दौरे से पहले पंजाब में अलर्ट

### खुफिया एजेंसियों ने चेताया- आतंकियों ने बढ़ाई सक्रियता



चंडीगढ़।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 अगस्त को टाटा कैंसर अस्पताल का उद्घाटन करने के लिए पंजाब आ रहे हैं। इससे पहले केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने पंजाब पुलिस को अलर्ट किया है। खुफिया एजेंसियों ने कहा कि राज्य में आतंकी सक्रियता बढ़ा सकते हैं। इसके बाद पंजाब में अलर्ट जारी कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंजाब दौर से पहले आतंकी हमले का अलर्ट जारी हुआ है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ पंजाब सहित चंडीगढ़ को दहलाने की फिराक में है। इसके बाद पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रधानमंत्री को मोहाली स्थित न्यू चंडीगढ़ में होमी भाभा कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करना है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने इस को लेकर पंजाब को इनपुट भेजा है।

पंजाब पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि गैंगस्टरों के साथ आतंकी भी मिल गए हैं। इसके बाद खतरा ज्यादा बढ़ गया है। बता दें, इससे पहले केंद्रीय खुफिया एजेंसियों ने पंजाब के नेताओं और अफसरों पर भी आतंकी हमले की चेतावनी दी है।

इनमें पूर्व डिप्टी सीएम सुखजिंदर सिंह रंधावा, पूर्व मंत्री गुरकीरत कोटली, विजयइंदर सिंगला और परमिंदर सिंह पिंकी का नाम शामिल है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी ने पंजाब पुलिस को दस लोगों की सूची भेजी है। जिसके बाद इन लोगों की सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई। बता दें, पंजाब पुलिस ने स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस की मदद से चार आतंकियों को गिरफ्तार किया था। इनमें दीपक मोगा, सन्नी ईसापुर, संदीप सिंह और विपिन जाखड़ शामिल थे।

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने सत्येंद्र जैन को अयोग्य ठहराने संबंधी याचिका खारिज की

नयी दिल्ली।



दिल्ली उच्च न्यायालय ने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन को 'मानिसक रूप से अक्षम' घोषित करने और इस आधार पर उन्हें विधायक एवं मंत्री पद के लिए अयोग्य ठहराने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति सुब्रह्मण्यम प्रसाद की पीठ ने कहा कि एक रिट याचिका में कही बातों के आधार पर जैन को 'मानसिक रूप से अक्षम व्यक्ति' घोषित नहीं किया जा सकता है और न ही उन्हें मंत्रिमंडल तथा विधानसभा से अयोग्य ठहराया जा सकता है। पीठ ने कहा कि 'आप' विधायक विभिन्न अपराधों के लिए मुकदमे का सामना कर रहे हैं और कानून के अनुसार उचित कदम उठाने की जिम्मेदारी अदालत की है। अदालत ने 16 अगस्त के अपने आदेश में कहा, ''यह सच है कि प्रतिवादी नंबर पांच (जैन) भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के साथ ही धन शोधन रोकथाम कानून के तहत विभिन्न अपराधों के लिए मुकदमों का सामना कर रहा है।

## आजाद के बाद आनंद शर्मा का इस्तीफा

नई दिल्ली।



कांग्रेस पार्टी का अंदरुनी कलह थमने का नाम नहीं ले रहा है। पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद के बाद अब एक और बड़े नेता आनंद शर्मा पार्टी से नाराज बताए जा रहे हैं। आनंद शर्मा ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव संचालन समिति (स्टीयरिंग कमेटी) के अध्यक्ष पद से रविवार को इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर इस्तीफा दिया है। उन्होंने लिखा- उनके स्वाभिमान को ठेस पहुंची है, क्योंकि उन्हें पार्टी की किसी भी बैठक में सलाह या आमंत्रित नहीं किया गया है। उन्हें पार्टी में नजरअंदाज किया जा रहा है। राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता शर्मा को 26 अप्रैल को हिमाचल प्रदेश में संचालन समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।

### हिमाचल में इस साल होंगे विधानसभा चुनाव

कांग्रेस इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों में हिमाचल प्रदेश में भाजपा से सत्ता हथियाने की कोशिश कर रही है।

शर्मा को हिमाचल प्रदेश के सबसे बड़े नेताओं में माना जाता है। ऐसे में शर्मा का इस्तीफा देना कांग्रेस के लिए घाटा साबित हो सकता है। हालांकि, शर्मा ने आश्वासन दिया है कि वे कांग्रेस उम्मीदवारों के लिए प्रचार में भाग लेंगे।

### आनंद शर्मा का राजनीतिक सफर

पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने पहली बार 1982 में विधानसभा चुनाव लड़ा था और 1984 में तत्कालीन प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा उन्हें राज्यसभा का टिकट दिया गया था। शर्मा तब से राज्यसभा सदस्य हैं और पार्टी में कई प्रमुख पदों पर रहे हैं।

# हाई प्रोफाइल पार्टी पर छापा

## इंस्पेक्टर, तहसीलदार और प्रोफेसर गिरफ्तार

## दिल्ली के बाप-बेटे ने जयपुर में अरेंज कराई थी; लग्जरी गाड़ियां, कैश जब्त

जयपुर।

जयपुर में कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच टीम ने एक फार्म हाउस पर रेड डाली। वहां हाई प्रोफाइल डांस पार्टी के साथ 7 कसिनो चल रहे थे। टीम ने 13 युवतियों समेत 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में एक कर्नाटक पुलिस का इंस्पेक्टर अन्जया और तहसीलदार नाथ (बेंगलुरु) और कॉलेज प्रोफेसर के.एल.रमेश भी शामिल है। फार्म हाउस से 14 लग्जरी गाड़ियां और 23 लाख रुपए जब्त किए। जयसिंहपुरा खोर थाना इलाके के सायपुरा बाग रिसोर्ट में शनिवार देर रात पार्टी अरेंज की गई।

एडीसीपी क्राइम सुलेश चौधरी ने बताया कि सूचना मिली थी कि रिसोर्ट में डांस पार्टी के साथ कसिनो चल रहा है। टीम शनिवार देर रात 2 बजे वहां पहुंची तो लड़के-लड़कियों की भीड़ थी।

कोई शराब पी रहा था तो कोई हुक्का। 7 टेबल पर ऑनलाइन कसिनो चल रहा था। टीम को देख सभी इधर-उधर भागने लगे। टीम ने घेराबंदी कर 13 युवतियों समेत 84 लोगों को गिरफ्तार किया।

क्राइम ब्रांच टीम के सीआई खलील अहमद ने बताया कि जयपुर के मोतीडूंगरी निवासी किशन ने खाना-पीना और इवेंट की व्यवस्था करवाई थी। 9 हुक्का, 7 कसिनो टेबल, 44 बोतल अंग्रेजी शराब, 66 बीयर की बोतल, 14 लग्जरी कार और 1 ट्रक और 23 लाख 71 हजार 408 रुपए जब्त किए।



### दिल्ली के व्यक्ति ने करवाई पार्टी

रिसोर्ट के मैनेजर मनोज सोनी को भी गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया है कि दिल्ली निवासी नरेश मल्होत्रा उर्फ राहुल उर्फ बबलू और उसके बेटे मनवेश ने प्रोग्राम अरेंज किया था।

### 7 राज्यों से पार्टी में पहुंचे लोग

मेरठ निवासी मनीष शर्मा ने नेपाल से इवेंट आयोजित करवाया है। मनीष के देश के अलग-अलग शहरों में जुआरियों से संपर्क है। वह पहले भी देश के अलग-अलग शहरों में इस तरह की पार्टी कर चुका है। पकड़े गए आरोपियों में ज्यादातर तेलंगाना, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र के है।

## राजू श्रीवास्तव कोमा में, लेकिन ऑर्गन सामान्य

**कानपुर।** राजू श्रीवास्तव के फैंस के लिए अच्छी खबर है। राजू के दोस्त और एक्टर शेखर सुमन ने रविवार को उनकी हेल्थ अपडेट साझा की है। शेखर सुमन ने ट्वीट कर लिखा, राजू श्रीवास्तव की हालत में सुधार हो रहा है। उनके ऑर्गन सामान्य रुप से काम कर रहे हैं। हालांकि अभी भी बेहोश हैं। डॉक्टर कहते हैं कि राजू तेजी से सुधार कर रहे हैं। महादेव की कृपा है। दुआएं काम आ रही हैं। हर-हर महादेव। इससे पहले राजू के निजी सचिव गर्वित नारंग ने भी बताया था कि अब हालत डॉक्टर्स के कंट्रोल में है। ब्रेन में फैले संक्रमण को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। डॉक्टर्स अब फोरब्रेन पार्ट (दिमाग के अगले हिस्से) में ऑक्सीजन सप्लाई करने में जुटे हैं। इसके लिए देश के बेस्ट डॉक्टर्स से कंसल्ट किया जा रहा है। उनकी हालत अब पहले से बेहतर बनी हुई है।

## सम्पादकीय

# युद्ध से मुक्ति की आकांक्षा

युद्ध और हिंसा मानव सभ्यता के विकास के अवांछित अंग रहे हैं। ज्ञान, बुद्धि, विवेक, वैज्ञानिकता और सामाजिकता के बढ़ने के साथ-साथ युद्ध से बचने पर विचार-विमर्श सदा ही होता रहा है। मगर इसमें सफलता का विश्वास संभवत: कभी रहा ही नहीं। अपने हर स्वरूप में सत्ताएं सदा ही आक्रमण से आशंकित रही हैं, और उससे निबटने की तैयारी में देश और लोगों की सुरक्षा की आवश्यकता पर असीमित संसाधन व्यय करती रही हैं। आज भी युद्ध हो रहे हैं, सारा विश्व देख रहा है, मगर उस नैतिक शक्ति का अभाव है, जो संप्रति यूक्रेन और रूस के मध्य शांति स्थापित कर सके। सारा विश्व इस युद्ध से नकारात्मक ढंग से- अपवाद छोड़ कर प्रभावित है। यह भी जाना-माना तथ्य है कि शांति स्थापना की सार्वभौमिक, किंतु अलभ्य अभिलाषा सदा बनी रही है और उसी तरह हिंसा और युद्ध भी सदा होते रहे हैं। महात्मा गांधी ने 'इंडियाज केस फार स्वराज' में लिखे थे 'मैं अपने हृदय की गहराई में यह महसूस करता हूं कि दुनिया रक्तपात से बिल्कुल ऊब गई है। दुनिया इस असह्य स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता खोज रही है। और मैं विश्वास करता हूं तथा उस विश्वास में सुख और गर्व अनुभव करता हूं कि शायद मुक्ति के प्यासे जगत को यह रास्ता दिखाने का श्रेय भारत की प्राचीन भूमि को ही मिलेगा।'

विश्वप्रसिद्ध इतिहासकार अर्नाल्ड टायनबी ने भारत के संबंध में सदा से बनी रही इसी अपेक्षा को यों शब्द दिए थे 'यह भली भांति स्पष्ट हो रहा है कि एक अध्याय जिसकी शुरुआत पाश्चात्य थी, अगर उसका अंत मानव जाति के आत्मसंहार में नहीं होना है, तो समापन भारतीय होगाज्ञ मानव इतिहास के इस सबसे अधिक खतरनाक क्षण में मानव जाति की मुक्ति का अगर कोई रास्ता है तो वह भारतीय है- चक्रवर्ती अशोक और महात्मा गांधी का अहिंसा का सिद्धांत और रामकृष्ण परमहंस के धार्मिक सहिष्णुता के उपदेश ही मानव जाति को बचा सकते हैं। यहां हमारे पास एक ऐसी मनोवृत्ति और भावना है, जो मानव जाति को एक परिवार के रूप में विकसित होने में सहायक हो सकती है। और इस अणु युद्ध में विनाश का यही विकल्प है।' गांधी, टायनबी तथा अनेकानेक अन्य मनीषियों के बाद अब मैक्सिको के राष्ट्रपति अंद्रेस मैनुएल लोपेज ओब्रदोर ने संयुक्त राष्ट्र के स्तर पर एक वैश्विक आयोग बनाने का प्रस्ताव किया है। उसमें उन्होंने तीन सदस्य सुझाए हैं, जिसमें भारत को भी शामिल करने का प्रस्ताव है। यह मानव सभ्यता के विकास में भारत के सराहनीय योगदान के प्रति वैश्विक सम्मान का द्योतक है। दो विश्व-युद्धों की विभीषिका सहन कर चुके विश्व के देशों ने भविष्य में युद्ध रोकने के लिए ही 24 अक्तूबर, 1945 को संयुक्त राष्ट्र संघ (अब संयुक्त राष्ट्र) की स्थापना की थी। सुरक्षा परिषद भी बनाई थी। पर सभी देशों की नियति में निर्मलता नहीं थी, साम्राज्यवाद-जनित कुलीनता तथा अहंकारी श्रेष्ठता का दंभ इन संस्थाओं की संरचना में ही स्पष्ट हो गया था।

वीटो का विशेषाधिकार, जो आज भी कायम है, इसका सबसे सटीक उदहारण है। सामान्य संस्थागत शिष्टाचार के अंतर्गत यूएन तथा सुरक्षा परिषद के अनेक प्रयासों की सराहना की जा सकती है, लेकिन तथ्य तो यही है कि युद्ध, हिंसा, मानवाधिकार हनन पर कोई सार्थक अंकुश लगाने में यूएन को सफलता नहीं मिली है। आक्रमण और युद्ध लगातार होते रहे हैं, जिनके परिणामस्वरूप कितने ही देश और वहां के लोग अमानवीय कष्ट और यातनाएं सहन करते रहे हैं। वियतनाम और अफगानिस्तान में घोर पराजय का अनुभव अमेरिका को भी मिल चुका है।

# इंटरनेट मीडिया पर बहिष्कार के मकड़जाल में उलझा बॉलीवुड, नहीं दिख रहा कोई रास्ता

**2015 में ही जब पुरस्कार वापसी अभियान चल रहा था तब भी आमिर खान ने देश में असहिष्णुता का राग अलापा था। उस वक्त की अपनी पत्नी किरण राव से एक बातचीत का हवाला दिया था और कहा था कि वो देश के माहौल से डरकर देश छोड़ने की बात करती है। आमिर खान के इन बयानों से स्पष्ट है कि वो राजनीति में एक पक्ष विशेष का विरोध कर रहे थे और परोक्ष रूप से एक पक्ष का समर्थन कर रहे थे। जब आप राजनीतिक होना चाहते हैं तो विरोध के लिए भी तैयार रहना चाहिए। ये संभव नहीं कि जब आपकी फिल्म आए तो लोग राजनीतिक समरत् या विरोध को भुलाकर फिल्म देखने चले जाएं। आपकी फिल्म को सफल बनाएं। आप जिस पक्ष का विरोध कर रहे थे उनको भी तो आपके विरोध का अधिकार है। उसी अधिकार की परिणति है बहिष्कार की अपील। बायकाट का हैशटैग। आमिर खान या तमाम वो अभिनेता जो राजनीतिक टिप्पणियां करते रहे हैं उनके खिलाफ अगर बायकाट की अपील होती है तो इससे उनको परेशान नहीं होना चाहिए। राजनीति में तो वार पलटवार होते ही रहते हैं। दीपिका पादुकोण भी जब अपनी फिल्म छपाक के रिलीज के पहले दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू युनिवर्सिटी के छात्रों के प्रदर्शन में गई थीं तो उसका नकारात्मक प्रभाव फिल्म के कारोबार पर पड़ा था।**

**इन** दिनों कुछ फिल्मों के बहिष्कार को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इंटटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर फिल्मों के बायकाट को लेकर पक्ष विपक्ष में हलचल दिखती है। अभिनेता आमिर खान की फिल्म लाल सिंह चड्ढा की रिलीज के पहले से उसके बायकाट की अपील जारी होने लगी थी। फिल्म रिलीज हुई और फ्लाप हो गई। इसी तरह से अक्षय कुमार की फिल्म रक्षाबंधन को लेकर भी बायकाट की अपील इंटरनेट मीडिया पर हुई। ये फिल्म भी फ्लाप हो गई। हम इन फिल्मों के बायकाट और इनके फ्लाप होने पर बात करेंगे लेकिन उसके पहले देख लेते हैं कि और कौन सी बड़ी बजट की फिल्में फ्लाप हुईं। यशराज फिल्म्स की दो बेहद महात्वाकांक्षी फिल्म आई, सम्राट पृथ्वीराज और शमशेरा। दोनों फिल्मों ने बाक्स आफिस पर अपेक्षित प्रदर्शन नहीं किया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार फिल्म सम्राट पृथ्वीराज की लागत तीन सौ करोड़ रुपए थी और उसने बाक्स आफिस पर तिरानवे करोड़ रुपए का बिजनेस किया। इसी तरह से शमशेरा के निर्माण की लागत डेढ सौ करोड़ रुपए थी और इस फिल्म ने भी चौंसठ करोड़ रुपए का बिजनेस किया। अक्षय कुमार अभिनीत फिल्म बच्चन पांडे को बनाने में एक सौ अस्सी करोड़ रुपए खर्च हुए और बाक्स आफिस बिजनेस तेहत्तर करोड़ का रहा। बच्चन पांड को लेकर कहा गया था कि वो 'द कश्मीर फाइल्स' की वजह से पिट गई थी। खुद अक्षय कुमार ने भी भोपाल में चित्र भारती के मंच से ऐसा ही कहा था।

सम्राट पृथ्वीराज और शमशेरा के खिलाफ न तो कोई बायकाट की अपील थी और न ही कोई हैशटैग चला था। बायकाट की अपील होती क्यों हैं इसके पीछे के कारणों को देखना चाहिए। आज से करीब दो दशक पहले गुजरात में सांप्रदायिक दंगे हुए थे। उसके बाद अभिनेता आमिर खान ने एक साक्षात्कार दिया था। उस साक्षात्कार में उन्होंने उस वक्त के गुजरात के मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर आरोप लगाए थे। गुजरात में हुई हिंसा में मरने वालों के लिए नरेन्द्र मोदी को उत्तरदायी माना था। उसी साक्षात्कार में आमिर खान ने नरेन्द्र मोदी को अमेरिका का वीजा नहीं मिलने का उपहास भी उड़ाया था।

2006 में आमिर खान मेधा पाटकर के साथ नर्मदा बचाओ आंदोलन में शामिल हुए थे और उस वक्त की गुजरात सरकार के विरोध में जमकर बयानबाजी की थी। 2015 में जब गजेन्द्र चौहान को पुणे के भारतीय फिल्म और टेलीविजन संस्थान का चेयरमैन नियुक्त किया गया था तो छात्रों ने उसका विरोध किया था। आंदोलन भी हुआ था। उस समय भी आमिर खान मुखर हुए थे और आंदोलनकारी छात्रों का समर्थन किया था। अभी एक और फिल्म रिलीज हुई दोबारा, जिसमें अभिनेत्री तापसी पन्नू हैं। पिछले दिनों तापसी पन्नू और उस फिल्म के निर्देशक का एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें वो फिल्मों के बायकाट के ट्रेंड का मजाक बना रही थीं। उनका निर्देशक भी राजनीतिक बातें कर रहा था। वो पहले भी नेताओं को लेकर अपमानजनक और घटिया बातें करता रहा है। उनको गंभीरता से कोई लेता नहीं। तापसी की इस फिल्म को लेकर भी बायकाट दोबारा




ट्विटर पर ट्रेंड हुआ। फिल्म पहले दिन सिर्फ 72 लाख का कारोबार कर पाई। कई शोज रद्द करने पड़े। थिएटरों में सन्नाटा रहा। इस फिल्म की लागत भी करीब तीस करोड़ रुपए है। अब तापसी पन्नू और उसके निर्देशक को समझ में आ रहा होगा कि ये बहिष्कार की अपील का मजाक उड़ाना उनको कितना महंगा पड़ा। हो सकता है कि इन अभिनेताओं, अभिनेत्रियों और निर्देशकों को फिल्मों के फ्लाप होने पर धनहानि न होती हो क्योंकि पैसा तो निर्माता का लगता है। ये लोग फिल्म पूरी करके अपना मेहनताना लेकर निकल लेते हैं। लेकिन इनको ये सोचना होगा कि इसका प्रभाव उनके करियर पर पड़ सकता है। बहिष्कार को लेकर एक बात और कही जाती है कि इंटरनेट मीडिया के जमाने में ये नया ट्रेंड आरंभ हुआ है। इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर भले ही बहिष्कार नया लगता हो लेकिन हमारे देश में तो बहिष्कार की अपील स्वाधीनता पूर्व से होती रही है। गांधी जी ने भी अपने लक्ष्य की पूर्ति के लिए बहिष्कार की अपील को अपना हथियार बनाया था। इमरजेंसी के दौर में भी लोगों ने बहिष्कार की अपील की थी। पिछले दिनों जगदीशचंद्र माथुर का नाटक कोणार्क पढ़ रहा था। इस पुस्तक में मई 1961 में लिखी माथुर साहब की एक टिप्पणी है, 'यों तो इस नाटक के विषय में मुझे अनेक रोचक अनुभव हुए, किंतु सबसे दिलचस्प अनुभव हुआ दिल्ली के अंग्रेजी समाचारपत्रों में इस नाटक के अभिनय की समालोचना पढ़कर। उनमें से एक समालोचक महोदय (अथवा महोदया!) ने लिखा कि इस नाटक की भाषा इतनी दुरूह है कि इस नाटक का बहिष्कार होना चाहिए, क्योंकि लेखक ने यह नाटक संस्कृतमयी हिंदी का प्रचार करने के लिए लिखा है।' इससे स्पष्ट है कि रंगमंच की दुनिया में 1961 में बहिष्कार की अपील की गई थी। ये अलग बात है कि उस समय इंटरनेट मीडिया नहीं था। तो जो लोग इसको नया ट्रेंड बता रहे हैं उनको इतिहास में जाने और समझने की आवश्यकता है। एक और बात है जो बायकाट ट्रेंड के साथ सामने आ रही है। पहले फिल्मों का जब विरोध होता था तो सिनेमा हाल के पोस्टर फाड़े जाते थे, कई बार उनमें आग भी लगा दी जाती थी। विरोध प्रदर्शन जब उग्र होता था तो शहरों में भी प्रदर्शन आदि होते थे। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं जब फिल्म पद्मावत को लेकर कई शहरों में विरोध प्रदर्शन और आगजनी हुई थी।

## व्यापार समाचार

# ब्याज दरों में बढ़ोतरी से फिलहाल कार की मांग पर असर नहीं : मारूति सुजुकी

नई दिल्ली।




ब्याज दरों में बढ़ोतरी का फिलहाल वाहनों की मांग पर असर नहीं पड़ा है, लेकिन असली स्थिति तब स्पष्ट होंगी, जब सेमीकंडक्टर की कमी का मुद्दा हल हो जाएगा और उत्पादन सामान्य हो जाएगा। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) शशांक श्रीवास्तव ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रैंड विटारा और ब्रेजा जैसे नए उत्पादों की पेशकश के साथ बुकिंग में वृद्धि हुई है और कंपनी के लंबित ऑर्डर पिछली तिमाही में 2.8 लाख से बढ़कर लगभग 3.87 लाख इकाई हो गए। उन्होंने एक बातचीत में कहा, सैद्धांतिक रूप से ब्याज दरों में बढ़ोतरी का नकारात्मक प्रभाव होना चाहिए... लेकिन फिलहाल हम ऐसा महसूस नहीं कर रहे हैं। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या ब्याज दरों में बढ़ोतरी से कारों की मांग पर असर पड़ा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इस महीने की शुरुआत में रेपो दर में 0.50 प्रतिशत की वृद्धि की थी। मई के बाद से यह लगातार तीसरी वृद्धि थी। इसके साथ ही ब्याज दर महामारी से पहले के स्तर पर आ गई है। श्रीवास्तव ने कहा कि ब्याज दरों में वृद्धि का मांग पर असर नहीं होने की एक वजह यह है कि महामारी और सेमीकंडक्टर की कमी के चलते आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान हुआ।

# मुफ्त उपहार कभी भी 'मुफ्त' नहीं होते, इनके वित्तीय पहलुओं को बताना चाहिए : आशिमा गोयल

नई दिल्ली।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि मुफ्त उपहार कभी भी 'मुफ्त' नहीं होते हैं और जब राजनीतिक दल ऐसी योजनाओं की पेशकश करते हैं, तो उन्हें मतदाताओं को उनके वित्त पोषण और अन्य पहलुओं के बारे में बताना चाहिए। उन्होंने रविवार को बताया कि मुफ्त उपहारों की घोषणा के साथ इन सूचनाओं को जोड़ने से लोकलुभावनवाद के प्रति प्रलोभन कम हो जाएगा।

गोयल ने आगे कहा कि जब सरकारें मुफ्त सुविधाएं देती हैं तो कहीं न कहीं लागत की भरपाई की जाती है। इनके जरिए ऐसी सार्वजनिक वस्तुओं और सेवाओं में निवेश किया जा सकता है, जो क्षमता निर्माण करती हैं।










## आज का राशिफल

### मेष
आज आपको आर्थिक मामलों और लेन-देन के मुद्दों में सतर्क रहने की जरुरत है। विवाद से बचें अन्यथा परिवार के सदस्यों के साथ कलह हो सकता है। खाने-पीने में सावधानी रखें। आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

### वृषभ
आपका आज का दिन लाभकारी होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आज आप काफी स्वस्थ रहेंगे। पूरे वक्त ताजगी का अनुभव करेंगे। आप अपनी कलात्मकता का उपयोग कर पाएंगे। आर्थिक योजना बना सकेंगे।

### मिथुन
आपकी वाणी और व्यवहार के कारण असमंजस की स्थिति न उत्पन्न हो, इसका ध्यान देने की जरूरत है। आवेश और उग्रता के कारण किसी से तकरार न हो, इसका ध्यान रखें। स्वास्थ्य को लेकर समस्या रहेगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए लाभकारी है। नौकरी और व्यापार में भी लाभ के संकेत हैं। मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजार सकते हैं। अविवाहित लोगों के लिए आज विवाह के योग हैं। आय के साधनों में वृद्धि होगी।

### सिंह
आज आपके सभी काम सरलतापूर्वक पूरे होंगे। व्यवसाय के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। पदोन्नति होगी। उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि आप पर बनी रहेगी। सभी ओर आपका प्रभुत्व और प्रभाव बढ़ेगा।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए शुभ है। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ का प्रवास आनंददायक रहेगा। धार्मिक काम या तीर्थ यात्रा होगी। विदेश में बसनेवाले किसी मित्र या स्नेहीजनों का समाचार मिलने से प्रसन्नता होगी।

### तुला
आज किसी भी नए काम का आरंभ न करें। बोलते समय और व्यवहार में खूब संभलकर रहने की आवश्यकता है। गुप्त शत्रुओं के जाल में न फंसें, इसका ध्यान रखें। राग- द्वेष से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

### वृश्चिक
आकस्मिक धन लाभ के योग हैं। रहस्यमय विषयों की तरफ आकर्षित होंगे। आध्यात्मिक सिद्धि और ईश्वर भक्ति के लिए उत्तम समय है। गहरे चिंतन- मनन द्वारा मानसिक शांति प्राप्त कर सकेंगे।

### धनु
आज आपको कुछ खास करने का मन करेगा। आप मित्रों के साथ बाहर घूमने जाने या भोजन करने का कार्यक्रम बनाएंगे। मौज-मस्ती, मनोरंजन, उत्तम भोजन और नए वस्त्र परिधान से आपका मन खुश रहेगा।

### मकर
आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। घर का वातावरण आनंदप्रद रहेगा। शारीरिक रूप से स्वस्थता और मानसिक रुप से खुशी मिलेगी। नौकरी और व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा।

### कुंभ
आज के दिन आपमें आलस्य और थकान रहने के कारण शारीरिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। मानसिक रूप से भी आपको चिंता सताएगी। व्यावसायिक क्षेत्र में भाग्य का साथ नहीं मिलेगा।

### मीन
आपको अपने हठीले स्वभाव को छोड़ने की जरुरत है। अधिक भावुकता के कारण मन में अस्वस्थता का अनुभव होगा। घर और संपत्ति से जुड़े कामों में आज संभलकर चलने की जरुरत है। माता से लाभ होगा।

# 4 दिन में किसान गौशाला में 38 गायों की मौत

## युवाओं ने गौवंश बचाने के लिए शुरू की मुहिम



पुखराज ताणाण

**बड़ी खाटू( नागौर डेली न्यूज ) :** बड़ी खाटू कस्बे के किसान गौशाला में पिछले चार दिन में लम्पी महामारी के कारण 38 गायो की मौत हो गयी। काफी संख्या में गौवंश इस महामारी की चपेट में है। चिकित्सकों द्वारा उपचार के बावजूद भी लगातार मौत का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। हालांकि यह 38 गाये केवल किसान गौशाला में मर चुकी है बाकी पूरी ग्राम पंचायत की कितनी गायों की मौत हुयी है उसका आंकड़ा मिल नहीं सका। गौवंश को बचाने के लिए युवा पिछले 15 दिन से प्रयासरत है। रविवार को चार दिन में 38 गायों की मौत के बाद उपखंड अधिकारी सुनील कुमार ने पशु चिकित्सक रामकैलाश और लूनाराम, सुनील मेघवाल, नरेन्द्र चौधरी को किसान गौशाला सहित क्षेत्र में भेजा पशु चिकित्सकों ने घायल पशुओं का उपचार किया। उन्होंने बताया कि मृत पशुओं को मिट्टी में दबाया जाए, जिससे अन्य पशुओ में महामारी नहीं फैल सके। रविवार को युवाओं ने आयुर्वेदिक काढ़ा पिलाया और दिन भर गायो की सेवा में लगे रहे। रविवार को काढ़ा पिलाने से काफी गायों में सुधार देखने को मिला।

### युवाओं ने शुरू की मुहिम

लगातार गायों की मौत के बाद रविवार को युवाओं और ग्रामीण लोगो ने गौशाला में बैठकर चर्चा की लोगो ने बताया कि ग्राम पंचायत में जगह जगह गायो की मौत हो रही है उनके उपचार के लिए साधनों व दवाईयों की जरूरत है साथ ही मृत गायो को दफनाने के लिए वाहनों की जरूरत पड़ेगी उसके लिए गायो के सहयोग के लिए एक मुहिम चलाई, जिसके तहत रविवार को तीन घंटे में करीबन 15 हजार रूपए सहयोग प्राप्त हुआ। आगे भी मुहिम जारी रहेगी गायो की रक्षा के लिए युवा बढ़ चढकर भाग ले रहे है।

## नोटेरी पब्लिक बनने पर दराब खान का किया स्वागत



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी ( नागौर डेली न्यूज ) :** अधिवक्ता दराब खान के नोटरी पब्लिक बनने पर शहर की सामाजिक संस्था मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी ने स्वागत और अभिनंदन किया। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद् कुचामनसिटी सभापति आसिफ खान, शिक्षाविद मसऊद अख्तर कुरैशी और पार्षद इमरान खान के साथ अधिवक्ता दराब खान मंचासीन रहे। मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मोहम्मद शकील ने बताया की एडवोकेट दराब खान के नोटरी पब्लिक बनने पर हम सब गोरवान्वित है। सोसायटी उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है। अपने सम्बोधन में सभापति आसिफ खान ने कहा कि अधिवक्ता दराब खान हमेशा से ही दूसरों की मदद करने की प्रवृत्ति वाले इंसान हैं और उम्मीद है आगे भी यह अपने पेशे के जरिए जरूरतमंदों की मदद करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जन समुदाय को शिक्षाविद् मसऊद अख्तर कुरैशी और पार्षद इमरान खान व असलम कुरैशी ने भी संबोधित किया। अधिवक्ता दराब खान ने अपने संबोधन में कहा कि वो हमेशा कोशिश करेंगे कि दूसरों की परेशानी का उनकी समस्याओं का समाधान करें, जरूरतमंदों की मदद करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सोसायटी के सचिव अकीक अहमद उस्मानी, खजान्ची इमरान खान, हबीब मौलानी, सरवर खान, इकबाल खान, जावेद कलाल, याकूब खान, हाजी शहजाद खान, नियामत अली खान, अनवर राव, अकरम कारीगर, कय्यूम खान, सलीम खान फौजी, मुमताज खान, बुनियाद खान, शकील खान, राजू खान आदि मौजूद रहें।

## राजस्थान पटवार संघ उपशाखा के चुनाव सम्पन्न, रामनिवास बोरानिया बने अध्यक्ष



इलियास खान

**रियांबड़ी( नागौर डेली न्यूज़ ) :** उपखंड मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय के सभागार में राजस्थान पटवार संघ उपशाखा रियां बड़ी के चुनाव को लेकर शनिवार शाम चुनाव अधिकारियों के निर्देशन में संघ की बैठक का आयोजन किया गया। निर्वाचन अधिकारियों द्वारा पटवारी रामनिवास बोरानिया को सर्वसहमति से उपखण्ड रियांबड़ी के पटवार संघ का अध्यक्ष मनोनीत किया। अध्यक्ष रामनिवास बोरानिया ने बताया कि पटवारी कैलाश राम पेडीवाल को उपाध्यक्ष, पटवारी राजु पारीक को महामंत्री, धर्मेंद्र गौड़ को संयुक्त मंत्री, महिपाल चौधरी को संगठन मंत्री, मेघ सिंह मीणा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामनिवास बोरानिया ने नवगठित उपशाखा कमेटी को पूरी मेहनत के साथ उनके साथ मिलकर संघ के विकास कार्यों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस दौरान चुनाव निर्वाचन अधिकारी किसना राम ढाका, पूर्व अध्यक्ष प्रियदर्शी पचार, पटवारी गोविंद सिंह राजपुरोहित, वरिष्ठ सहायक सुरेश कुमार चौधरी सहित एडवोकेट घनश्याम खालिया, एडवोकेट सुरेश कुमार चौधरी मौजूद रहे।

## एनएसयूआई ने जारी की प्रत्याशियों की सूची



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज़ ) :** राजकीय महाविद्यालय छात्र संघ चुनाव 2022-23 के उम्मीदवारों के प्रत्याशियों की सूची एनएसयूआई ने जारी कर दी है, जिसमें राजकीय महाविद्यालय परबतसर से छात्र संघ अध्यक्ष पद पर पवन मूड को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया तो वहीं राजकीय महाविद्यालय मंगलाना (परबतसर) के अध्यक्ष पद पर विनोद चौहान को प्रत्याशी घोषित किया गया है। इस दौरान एनएसयूआई के छात्र नेता अश्विनी श्रीमाली, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रामनिवास गोयल, सुरेश सुतलिया, राकेश सहित अन्य छात्र मौजूद रहे।

## खड्डा खोदकर भूला जलदाय विभाग



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** शहर के एमपी गली में जलदाय विभाग ने खड्डा खोदकर अपना काम निकल जाने के बाद खड्डे को बीच सड़क पर ही खुला छोड़ दिया। लगभग एक महीने से डेढ फीट गहरा ओर दो फीट चौड़ा खड्डा बीच सडक पर होने से शहर की मुख्य सडक एमपी गली मे अपने काम से आने वाले बाईक सवारों, महिलाओं ओर बच्चों के दुर्घटना का कारण बना हुआ है। सड़क पर चलते समय अचानक खड्डा आ जाने से दिखाई नहीं पड़ता ओर लोग खड्डे में गिरकर चोटिल हो जाते है, जिससे कई बार बाईक सवार ओर पीछे बैठी सवारी के सिर ओर हाथ पांव तुड़वा चुके है, लेकिन संबधित विभाग द्वारा पिछले कई दिनों से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शनिवार की रात को भी दो बाईक सवार इस खड्डे में गिर गये। इस पर उनके शरीर पर कई जगह पर गंभीर चोटे आने से घायल हो गये। पूर्व सरपंच मोतीराम मुरावतिया, चैनाराम बिन्दा, शिक्षक संघ के सरक्षंक सुरेश डूडी, किसनाराम भाम्भू, समाज सेवी मोहनराम डोडवाडिया,पवन पुरोहित, सुगनाराम छरंग, निकू चौधरी सहित लोगो ने घायलों की मदद की।

## मूंडवा का हनीफ पिछले 5 दिनों से गुमशुदा

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूंडवा निवासी हनीफ(विकलांग) उम्र 28 वर्ष पिछले 5 दिनों से गुमशुदा है। 17 अगस्त को आसीन खत्री ने मुंडवा पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी उसका बेटा हनीफ 16 अगस्त को जोधपुर जाने के लिए कहकर निकला था। आसीन खत्री ने बताया कि हनीफ से अंतिम बार 16 अगस्त शाम 4-30 बजे बात हुई थी हनीफ कह रहा था कि वह जोधपुर से वापस खेड़ापा पहुंच गया है। थोड़ी देर में घर आ जाएगा लेकिन उसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया और अभी तक मोबाइल बंद आ रहा हे।

## जल शक्ति मंत्री शेखावत का लोकेन्द्र सिंह टीम ने किया स्वागत



श्यामसुन्दर प्रजापत

**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे में रविवार देर शाम जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का मीठड़ी बाईपास हाईवे पर स्थित राजधानी पैट्रोल पम्प पर लोकेन्द्र सिंह टीम ने सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। शेखावत के जयपुर जाने के दौरान मीठड़ी आगमन पर पूर्व सरपंच लोकेन्द्र सिंह व उनकी टीम के सदस्यो ने जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का माला व साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया। शेखावत ने स्वागत समारोह में कहा कि स्वागत सम्मान करने की गौरवशाली परम्परा रही है। वही पूर्व सरपंच लोकेन्द्र सिंह ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मंत्री शेखावत से राजनैतिक मंत्रणा भी की, जिससे विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम फिर लहराये। राजनैतिक गलियारो में इस मुलाकात को लेकर अलग ही कयास लगाए जा रहे है।

इस दौरान पूर्व सरपंच लोकेन्द्र सिंह, वार्ड पंच प्रेमसुख योगी, हितेश काछवाल, जगदीश कसाणा, संजय शर्मा, मनमोहन सिंह, देवेन्द्र पौषक, श्योजीराम भाकर सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## रोटरी क्लब मेड़ता मीरा संस्थान ने जीण माता मंदिर परिसर के पास लगाए पौधे



### -रोटरी क्लब मेड़ता मीरा संस्थान ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़तासिटी के अग्रणी समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब मेड़ता मीरा ने रविवार को प्रोजेक्ट पर्यावरण संरक्षण के तहत शहर के जीण माता मंदिर परिसर के पास पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर रोटरी क्लब की महिला पदाधिकारियों के द्वारा यहां पर बड़, पीपल, आवला, नीम, बीलपत्र के पौधे ट्री गार्ड सहित लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस मौके पर रोटरी क्लब की अध्यक्ष पदमा सोनी ने मीडिया से रूबरू होते हुए बताया कि पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में रोटरी क्लब मेड़ता मीरा संस्थान लंबे समय से काम कर रहा है इसके साथ ही उन्होंने बताया कि सामाजिक सरोकार के कार्य में भी उनका संस्थान हमेशा आगे रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने खुशी के मौके पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा जो पौधे लगाए गए उनके संरक्षण का जिम्मा मंदिर कमेटी के द्वारा लिया गया। इसके साथ ही समय-समय पर रोटरी क्लब के पदाधिकारियों के द्वारा भी इन पौधों की सार संभाल समय समय पर की जाएगी। इस अवसर पर सचिव चंद्रकांता बंसल, हेमा पुरोहित, रेणु मित्तल, प्रभा अग्रवाल, शकुंतला अग्रवाल, राजवीर, जुगनू, बीना जैन, सुलोचना अग्रवाल, ममता मोदी, पूर्णा सोनी, आभा बिड़ला, भारती बड़ारिया, रेखा पुरोहित और संध्या भाटी आदि मौजूद रही।

## मेघवाल समाज विकास समिति ब्लॉक मूण्डवा की बैठक सम्पन्न

अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मेघवाल समाज विकास समिति ब्लॉक मूण्डवा की आम बैठक रविवार को अम्बेडकर भवन मूण्डवा में रखी गयी। इस बैठक की अध्यक्षता गणपत शास्त्री ने की। सर्वप्रथम मेघवाल समाज विकास समिति के कोषाध्यक्ष रामनिवास बाजिया ने 19 जून को कैरियर गाइडेंस एवं वर्कशॉप एवं सेमीनार का खर्च विवरण समिति के समक्ष रखा। सचिव प्रहलादराम तिरदिया ने समिति के निम्न प्रस्ताव रखें जो सर्वसहमति से पारित किए गए आर्थिक सम्बल योजना हेतु आवेदन करने की अन्तिम तिथि 20 सितंबर रखी गयी। ब्लॉक स्तरीय आर्थिक संबल योजना में कक्षा 10 या 12 में न्यूनतम 80% अंक अनिवार्य है।

# मुख्यमंत्री के नाम खून से लिखे पत्र


## कॉलेज नामकरण की मांग

### शिक्षा सन्त जगत मामा पूर्णाराम चौधरी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** राजोद निवासी शिक्षा संत जगत मामा के नाम से विख्यात स्वर्गीय पूर्णाराम चौधरी की जयंती राजकीय महाविद्यालय के मुख्य गेट पर पुष्पांजलि करके मनाई गई। इस दौरान युवाओं ने मुख्यमंत्री के नाम खून से पत्थर लिखकर राजकीय महाविद्यालय का नाम जगत मामा के नाम करने की मांग की गई। कार्यक्रम में सैकड़ों की तादाद में छात्र शक्ति ने भाग लिया। सभी छात्र शक्तियों की ओर से एक ही मांग रखी गई जगत मामा के नाम से जायल महाविद्यालय का नामकरण किया जाए। हरिराम रेवाड़ अशोक राड़ सहित अनेक युवाओं ने अपने खून से मुख्यमंत्री के नाम पत्र लिखकर महाविद्यालय का नामकरण करने की मांग रखी। पिछले दो तीन दिन से चल रही मुहिम मे युवाओं द्वारा 1210 पोस्टकार्ड लिखे गए। जगत मामा ने अपना पूरा जीवन काल शिक्षा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया। जगत मामा पढ़े लिखे नहीं होने के बावजूद भी शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया एवं लोगों व जनमानस भी जगत मामा के नाम जायल महाविद्यालय का नामकरण करने की भावनाएं हैं। इस समय पर्यावरण प्रेमी हरिराम रेवाड़ जायल महाविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अशोक राड़, ओमप्रकाश बिडीयासर, डीडवाना एबीवीपी से अध्यक्ष प्रत्याशी रविंद्र कड़वासरा, नागौर एनएसयूआई प्रत्याशी रविंद्र धुण, जायल महाविद्यालय से निर्दलीय प्रत्याशी रामप्रसाद मेघवाल, एबीवीपी प्रत्याशी सुरेंद्र साहू, डीडवाना कॉलेज भीम सेना से शकीना बानो के समर्थक सहित हजारों की तादाद में युवाओं ने मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखे गए।



## वृद्धा के सूने मकान से चोर चुरा ले गए 21 हजार नगद व सोने-चांदी के आभूषण

श्यामसुन्दर प्रजापत



**मीठड़ी( नागौर डेली न्यूज ) :** मीठड़ी कस्बे में व्यास केपीसीटर फर्म के आवासीय मकान के पास स्थित आवासीय मकान में गत रात शनिवार को चोरी की घटना होने का मामला प्रकाश में आया है। मोहिनी देवी पत्नी स्वर्गीय हनुमान प्रसाद शर्मा (70) ने नावां थाना में रीपोर्ट पेश कर बताया कि गत तीन चार दिन से घरेलू कार्य से घर से बाहर थी। मैं घर में अकेली ही रहती हू। स्वास्थ्य जांच व अपनी बेटी से मिलने गयी थी। मकान के सामने से दीवार फांदकर व अंदर के गेट व बक्सो के ताले तोड़कर नगदी व सोने, चांदी की रकमे चुरा ले गए। सोमवार सुबह छः बजे पडौसियो ने मोबाइल पर वृद्धा को चोरी होने की सूचना दी। विकास समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह की सूचना पर नावां पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर मौका-ए-वारदात का निरीक्षण कर मर्ज दर्ज कर लिया। विधवा मोहनी देवी ने बताया कि इक्कीस हजार नगद, दो जोड़ी पाजेब, एक सोने की अंगूठी चुरा ले गए। संदीप व्यास के आवासीय मकान पर लगे कैमरे में भी चोरी की घटना कैद हो गई। पुलिस प्रशासन व ग्रामीणो ने आस के कैमरे को खंगला तो सामने आया की घटना शनिवार लगभग रात्री 1.25 मिनट की है। कैमरे में तीन व्यक्ति नजर आ रहे है। एक बाहर खड़ा है। दो घर के अंदर थे। वृद्धा ने बताया कि करीब तीन साल पूर्व चोरी की घटना हुई थी। इस दौरान देखने वालो की भीड़ जमा हो गई।

## पत्रकार दायमा की दादी का निधन



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के पत्रकार जुगल दायमा की दादीजी सुखी देवी (95) पत्नी रामगोपाल दायमा का आकस्मिक निधन हो गया। रविवार दोपहर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर जिलेभर के राजनीतिक, सामाजिक, व्यापारिक एवं पत्रकार संगठनों ने शोक व्यक्त किया है। वें अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है।

# मेड़तासिटी में 28 अगस्त को होगी किसान महापंचायत

## किसान नेता राकेश टिकैत महापंचायत में करेंगे शिरकत



### केंद्र सरकार की वादाखिलाफी को लेकर होगी किसान महापंचायत

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता सिटी में आगामी 28 अगस्त को किसान महापंचायत का आयोजन होगा इस कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, प्रदेश अध्यक्ष राजाराम मील सहित ही अनेक किसान नेता शिरकत करेंगे। इसी को लेकर मेड़ता सिटी में भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता सुशील रियाड, संरक्षक जस्साराम छाबा, राजूराम भंवरिया, शिवदान राम बापेडिया, सहदेव रियाड सहित अनेक कार्यकर्ता गण तैयारियों में जुटे हुए हैं। इसके साथ ही महापंचायत को सफल बनाने को लेकर कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता सुशील रियाड ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र की मोदी सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफी की है। उन्होंने कहा कि किसानों का जो आंदोलन स्थगित किया गया था। इनमें से कई मांगे अब तक पूरी नहीं हुई है। इसी को लेकर महापंचायत का आयोजन मेड़ता सिटी में हो रहा है। उन्होंने बताया कि अगर किसानों की मांगे सरकार ने नहीं मांगी तो एक बार फिर से किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगा। वहीं संरक्षक जस्साराम छाबा ने बताया कि किसान महापंचायत को लेकर तैयारियां जोरों शोरों से जारी है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं के द्वारा गांव गांव जाकर किसानों से संपर्क किया जा रहा है । इसके साथ ही किसानों को पीले चावल वितरित कर महापंचायत में आने का न्योता दिया जा रहा है।

### केंद्र सरकार के खिलाफ एक बार फिर से मोर्चा खोल सकते हैं किसान

### भारतीय किसान यूनियन द्वारा बांटे जा रहे घर घर पीले चावल

# महाविद्यालय में रामप्रसाद मेघवाल होंगे निर्दलीय प्रत्याशी



रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ चुनावों को लेकर निर्दलीय पैनल की बैठक रविवार को डीडवाना रोड स्थित आवास पर हुई बैठक में छात्रों द्वारा निर्दलीय पैनल उतारने की सहमति बनी। बैठक में सर्वसहमति से उम्मीदवार की घोषणा हुई, जिसमें अध्यक्ष पद हेतु निर्दलीय उम्मीदवार रामप्रसाद मेघवाल पर सहमति बनाई गई। इस दौरान प्रेमराज थालौड़, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अशोक राड़, मनोज रोज, अजित चांगल, पिन्टु खोजा, भंवरलाल दहीया, श्रवण नवल, कैलाश, राकेश, अनिल, रमेश रामकिशोर, निरंजन, दयाल सहित छात्र मौजूद रहे।

# गौ प्रेमियों ने एक दिन में लगाए श्री महावीर गोशाला में 21 पंखे



लुकमान शाह

**थांवला( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम लाडपुरा में श्री महावीर गोशाला में एक ही दिन में लगे गायो के लिये 21 पंखे लगाये गए। विरेनदर सिंह शेखावत ने बताया कि हॉल ही में चल रही गायो में महामारी भयंकर लमपी नामक बीमारी से बचाव के लिए ग्रामीण प्रयास कर रहे हैं। भामाशाह बढ़-चढ़कर आगे आ रहे हैं। हनुमान प्रसाद पुत्र बिजराज गौड़ ने जन्माष्टमी के पर्व पर 11 पंखे लगाये। इसी के चलते शाम तक गौ प्रेमियों ने युवाओ की ओर से 10 पंखे ओर आ गये ओर गौशाला में पंखो की देखरेख की जिमेदारी बिलू इलेक्ट्रनिक ने ली। इस दौरान ओमप्रकाश सुवासिया, रामेशवर गौड, महेन्द्र सैन, हरीश बालोटीया ने पावर हाउस में पौधारोपण किया व सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डेगाना छात्र संघ चनावों में एनएसयूआई ने उतारा वंश शर्मा को

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजकीय महाविद्यालय डेगाना में आगामी 26 अगस्त को होने वाले छात्र संघ चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई है। चुनावों को लेकर छात्र प्रतिनिधि रणनीति बनाने में जुटे हुये है। चुनावों में एनएसयूआई की ओर से छात्र वंश शर्मा को टिकट देकर कालेज छात्र संघ अध्यक्ष के पद पर उतारा दिया है। टिकट मिलने के बाद एनएसयूआई की पूरी विंग वंश शर्मा के समर्थन मे चुनावी दौरा कर गांव-गांव जाकर छात्र मतदाताओं से सम्पर्क कर वोट मांगने जुट गई। दूसरी ओर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है जबकि दो से तीन निर्दलीय प्रत्याशी भी मैदान मे उतर चुके है। डेगाना कालेज छात्र संघ के चुनावों में एनएसयूआई के वंश शर्मा के साथ पूरी टीम प्रचार प्रसार करने जुटी है वहीं निर्दलीय प्रत्याशी भी मतदाताओं से सम्पर्क साधने की कोशिश करने मे लगे है, लेकिन प्रचार के मामले मे वंश शर्मा की टीम सबसे आगे है। एनएसयूआई के चुनावों की कमान कांग्रेस के विधान सभा अध्यक्ष मुकेश भींचर ने संभाल रखी है। भींचर ने बताया कि एनएसयूआई द्वारा वंश शर्मा के समर्थन में नामांकन रैली निकाली जाएगी।




# 600 पौधों की गुजाई कर नष्ट हुए पौधों के स्थान पर लगाए नए पौधे

## बरगद गार्डन में विशाल पर्यावरण संरक्षण रैली व बरगद श्रमदान शिविर का हुआ आयोजन

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम खारिया-हिराणी में स्थित बरगद गार्डन में आज विशाल पर्यावरण संरक्षण रैली व बरगद श्रमदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें मिशन बरगद टीम व देवनारायण डिफेंस एकेडमी खारिया के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से श्रमदान किया। गार्डन के प्रभारी राजेश कुमावत ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हेतु रैली व श्रमदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 600 पौधों की गुजाई की साथ ही दीमक द्वारा नष्ट किए गए 20 पौधों के स्थान पर नए पौधे लगाए गए और पौधों की नंबरिंग भी की गई। उन्होंने बताया कि मिशन बरगद टीम द्वारा हर रविवार को श्रमदान शिविर का आयोजन किया जाता है और उपस्थित सभी ने इस संकल्प को दोहराया कि वे सभी पौधों को पेड़ बनाकर छोड़ेंगे। डिफेंस एकेडमी की इस पहल का उन्होंने स्वागत किया। देवनारायण डिफेंस एकेडमी के ललित शेखावत ने बताया कोराना काल में जिस प्रकार ऑक्सीजन की कमी रही इसे ध्यान में रखते हुए हमें पर्यावरण संरक्षण के प्रति सभी को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने इन पौधों की केयर हेतु हर समय तैयार रहने का आश्वासन दिया।

**लॉयन्स क्लब व मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने भी किया सहयोग :** लायंस क्लब कुचामन फोर्ट के राम काबरा ने बताया कि वे हमेशा मिशन बरगद टीम के साथ श्रमदान के लिए तैयार हैं।

मुस्लिम वेलफ़ेयर सोसाइटी के मोहम्मद शकील ने इस पुनीत कार्य में यथासम्भव सहयोग की आवश्यकता पर ज़ोर दिया।

एडवोकेट केसी शर्मा ने इस मुहिम की प्रशंसा की सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कुंदन मल, नेताराम, नेमाराम, टीकम चंद, सेवानिवृत्त व्याख्याता कन्हैया लाल कुमावत, चम्पालाल कुमावत, शंकरलाल, राजा कुमावत, रामनिवास, मनोज, दौलत, बाबूलाल, राहुल, अशोक, रामनिवास, राकेश, लक्ष्मण, प्रभु, बुलाराम, मुकेश, विकास, पंकज आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# मदद फाउण्डेशन ने रोजगार योजना के तहत भेंट की सिलाई मशीन



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** प्रदेशभर में लगातार जरूरतमंद परिवारों की मदद करते हुए संस्था मदद फाउण्डेशन ने शनिवार को 393 वीं मदद की। टीम के सक्रिय सदस्य श्रवण सिंह रोहिणा ने बताया कि शनिवार को मदद फाउंडेशन टीम नागौर जिले के डेगाना के नजदीक एक गांव माण्डल देवा पहुंची, जहाँ एक जरूरतमंद परिवार की विधवा बहन को मदद स्वरूप रोजगार योजना के तहत सिलाई और पीको की मशीन भेंट की गई। इससे मेहनत कर अपने परिवार का पालन पोषण कर सकें। जिससे वह भी अन्य लोगों की मदद कर सके। मदद फाउंडेशन की तरफ इस समय श्रवण सिंह रोहिणा, पशु चिकित्सक पुष्पेन्द्र सिंह माण्डल जोधा, सुरेंद्र सिंह तिलानेश, माण्डल देवा से विक्रम सिंह, मंजीत सिंह, कुलदीप सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोनू सिंह,दातार सिंह आदि उपस्थित रहें। रोजगार के साधन के रूप में मशीन पाकर जरूरतमंद परिवार की तरफ से मदद फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया गया।

# बच्चों का भविष्य गढ़ते हैं गुरु : केसाराम हुड्डा

## वार्षिकोत्सव में रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** पैरामाउंट किड्स एकेडमी का वार्षिकोत्सव लुंकड़ भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर लुकमान एंड ग्रुप द्वारा अध्यापकों पर चित्रित ड्रामा पेश कर शिक्षकों के सम्मान पर बल दिया। जास्मीन ने प्यारी मां कविता पेश की, शाहीन ने जय जवान जय किसान गीत पर सबकी वाहवाही लूटी। छात्र-छात्राओं ने कुरआनी आयत, हम्द व नात की नज्मों सहित राजस्थानी व देशभक्ति प्रस्तुतियां पेश की।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि केसाराम हुड्डा ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज के बुद्धिजीवी वर्ग शिक्षकों को पूर्ण सम्मान मिलना चाहिए। गुरु बच्चों के भविष्य को गढ़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने मुस्लिम समाज के बच्चों में तालीम के प्रति जिम्मेदारों का रुझान बढ़ाने के लिए योग्य व्यक्तियों को आगे आने का आह्वान किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रतिभा फरहान भाटी, आसमा, अलवीरा, शोयब, आयशा आदि को मोमेंटो भेंट कर हौसला अफजाई की।

**भामाशाहों का किया सम्मान :** इस क्रम में मोहम्मद शरीफ तंवर ने आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाहों का साफा व माला पहनाकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अध्यक्ष केसाराम हुड्डा, नागौरी सिलावट समाज अध्यक्ष नोशाद सिसोदिया, मोहम्मद सलीम नागौरी, डॉ. अब्दुल रशीद, एमपीटी संघ ब्लॉक अध्यक्ष इंसाफ खान, वसीम तगाला, इमरान खान रॉयल, आबिद बल्खी, सैय्यद इरफान अली, कामरान बड़गुजर, फरमान खींची, शब्बीर तंवर, शकूर खान मोयल, मोहम्मद फारुख तंवर, पूर्व पार्षद मोहम्मद रमजान सिसोदिया, पार्षद इस्लाम लंगा, सैय्यद अफसार अली, गोपाल मील, शक्ति सिंह चारण, मन्जूर कादिर अली आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालन वसीम तगाला इंसाफ खान ने किया।

# पीपली वाले बालाजी मंदिर में लगा श्रद्धालुओ का तांता

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** श्री पीपली वाले बालाजी मंदिर में श्री बालाजी नवयुवक मंडल सेवा संस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय 20 वा श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर बंगाल के कलाकारों द्वारा समुद्र मंथन, विष्णु द्वारा गज उद्धार, गिरिराज धरण, विष्णु के चरणों में गंगा का वास और भगवान गणेश की 22 फीट ऊंची हाइड्रोलिक झांकी का मंचन किया तो जसवंतगढ़ के कलाकारों ने राम रावण युद्ध, वीर बर्बरीक की परीक्षा, नाग कन्या का प्रदर्शन किया। ख्याति प्राप्त आर्टिस्ट नरेन्द्र कुमावत ने महाकाल की अद्भुत झांकी बनाई। मंडल द्वारा बाबा श्याम और लड्डू गोपाल का विशेष श्रृंगार किया गया। मंडल सचिव सुमित सोमानी व कार्यक्रम संयोजक रवि गट्टानी ने बताया की झांकियां देखने के लिए घंटो तक कतारे लगी रही लगभग 20000 से अधिक लोगो ने झांकियो के दर्शन किए। मध्य रात्रि बैंड वादको द्वारा भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया और आरती की गई। मंडल के संरक्षक राधेश्याम गट्टानी,नथमल सोमानी और अध्यक्ष नरेश कुमावत ने पुलिस प्रशासन,भामाशाहों,पत्रकार बंधुओ और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

**ये रहे उपस्थित :** अध्यक्ष नरेश कुमावत, सचिव सुमित सोमानी, संयोजक रवि गट्टानी, सुनील शर्मा, अंकित सारडा, मुकेश अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, राघव सारडा, धीरज रामचंद्रका, उत्सव अग्रवाल, नथमल अग्रवाल, विष्णु कामदार, अभिषेक कलंत्री, नवीन शर्मा, शुभम शर्मा, आशीष रामचंद्रका, कैलाश अग्रवाल, लक्ष्मीकांत बंसल, सुजल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, दिलीप हुरकट, राजेंद्र अग्रवाल आदि व्यवस्था बनाए हुए थे।

सीआई मनोज माचरा ने मय जाप्ता कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर आयोजनकर्ताओं को शानदार व्यवस्था के लिए सराहा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक हरीश कुमावत, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रजनी गावाड़िया, जिला परिषद सदस्य बाबूलाल पलाड़ा, पार्षद बाबूलाल कुमावत लंबे समय तक मौजूद रहे।

# कुचामन केमिस्ट सोसायटी ने किया एडवोकेट ओम प्रकाश पारीक को विधिक सलाहकार नियुक्त

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** दवा व्यापारियों के स्थानीय संगठन कुचामन केमिस्ट सोसायटी की एक आवश्यक मीटिंग का आयोजन सोसायटी अध्यक्ष श्रीपाल सिंह रसाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। रसाल ने बताया कि दवा व्यापारियों का हमारा संगठन आज व्यापार के साथ-साथ समाजसेवा के कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभा रहा है। जरूरत मंदो को खून की आवश्यकता हो या ऑक्सीजन की, दवा विक्रेता साथी और हमारी सोसायटी हर संभव सहायता के लिये दिन रात सेवा में तत्पर रहती है। संघटन के साथियों की सुविधा के लिए विधिक सलाहकार की महत्ती आवश्यकता नजर आ रही थी, जिसके लिए मीटिंग का आयोजन किया गया और सर्व सहमति से सेवाभावी एडवोकेट ओम प्रकाश पारीक को कुचामन केमिस्ट सोसायटी का विधिक सलाहकार नियुक्त किया है। केमिस्ट सोसायटी सचिव नरेश जैन ने कहा कि इनकी नियुक्ति से सभी केमिस्ट साथियों को उचित मार्गदर्शन मिलेगा।

# गौ माता रक्षार्थ सामुहिक रूप से किया यज्ञ



एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** लंपी स्किन डिजीज से गौवंश की मृत्यु सैकड़ों की तादात में हो रही है, जिससे बचाव हेतु मेड़ता रोड गौशाला में सामुहिक रूप से यज्ञ कर भगवान से समक्ष गौ माता की रक्षार्थ के लिए भगवान से अरदास लगाई गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह यज्ञ मेड़ता रोड के गौशाला प्रांगण में किया गया। इस आयोजन में सभी हिन्दू संगठन एवं स्वयंसेवी संगठन, नागरिकगण ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। गौशाला सचिव आनंद सिंह चांदावत ने बताया कि गाय हिन्दू धर्म की सबसे पवित्रतम व पूजनीय है जो अपने अमृतमयी दूध से मनुष्य जाति का अपनी संतान के समान पालन पोषण करती है। गौ माता को लंपी स्किन डिजीज बीमारी से निजात दिलाने के लिए यज्ञ किया गया व भगवान से अरदास की गई। इस दौरान सैकड़ों लोगों ने यज्ञ आहुतियां दी।

# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर शहर के ऐसे वरिष्ठजनों का सम्मान कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिन्होंने अपने सेवा कार्यों से सदैव युवा पीढ़ी को प्रेरित किया। क्लब अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, संरक्षक लॉयन पवन जैन, उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, चतरभुज शर्मा ने क्लब निदेशक लॉयन सुभाष मदान, डॉ शरद मदान, शिक्षाविद् रफीक अहमद उस्मानी एवं वरिष्ठ नागरिक समिति के दामोदरलाल झंवर, नागरमल मिश्रा, भवरलाल पारीक, सुनील माथुर, नंदकिशोर बिड़ला, बनवारीलाल मोर, हीरालाल बंसल, रविन्द्र खरीट, कालीचरण व्यास, रतनलाल ढेनवाल, भवरसिंह चौहान, रूपसिंह राजपुरोहित, अनिल माथुर, सगीर मोहम्मद, ओमप्रकाश मंढावाला, सत्यनारायण मोर आदि का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया तथा सभी के स्वस्थ जीवन की ईश्वर से मंगल कामना की। लॉयन राम काबरा ने बताया शिक्षा नगरी के ऐसे वरिष्ठजन जिन्होंने अपने जीवन मे समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी अमूल्य एवं अद्वितीय सेवाएं प्रदान कर पीड़ित मानव सेवार्थ कार्य कर समाज को बहुत कुछ दिया है एवं वर्तमान में वयोवृद्ध होकर भी सेवाएं देकर शहर के युवाओं को प्रेरणा दे रहे वरिष्ठजनों का सम्मान कर निश्चित रूप से लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट खुद को सम्मानित एवं गौरवान्वित महसूस करता है। वरिष्ठजनों ने लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए क्लब सदस्यों को सेवा के पथ पर अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया।

# समाईमाता इको टूरिज्म का केन्द्र बनेगा : जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री

जयपुर।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री श्री अर्जुन सिंह बामनिया ने कहा कि आने वाले समय में समाई माता इको टूरिज्म का केन्द्र बनेगा और बड़ी संख्या में यहॉ पर्यटक आयेगें। यहॉ के विकास के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री श्री बामनिया वन विभाग के तत्वावधान में शहर के निकट स्थित समाई माता की पहाडी पर आयोजित पौधारोपण समारोह में मुख्य अतिथि बांसवाड़ा के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यहां राज्य सरकार द्वारा 2 करोड़ की लागत से लव कुश वाटिका तथा 50 लाख रूपये टी.ए.डी. मद से मन्दिर विकास के कार्य किए जा रहे है।

# नन्हें सरफराज ने सेवा कार्य कर मनाया अपना जन्मदिन

## स्कूल में बच्चों को मास्क वितरित कर कोरोना को लेकर किया सजग

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज )।** ऑल मुस्लिम चेरिटेबल सोसायटी सदस्य नर्सिंगकर्मी इमरान खान पठान ने अपने पुत्र मोहम्मद सरफराज के जन्म दिन पर मरूधर डिफेंस इन्टरनेशनल स्कूल में सेवा कार्य कर मनाया। इस मौके पर बच्चों को मास्क वितरित कर बच्चों को जागरूक किया। इसके साथ ही मास्क की अहमियत की जानकारी के साथ मौसमी बीमारियों से बचने के उपाय पर भी प्रकाश डाला। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार सोनी ने बच्चों को बताया कि कोरोना अभी भी गया नहीं है ऐसे में हम सभी को अभी सतर्क रहने की आवश्यकता है इसके साथ ही उन्होंने आमजन से अपील की भीड़ भाड़ के स्थान पर मास्क का प्रयोग जरूर करें इस मौके पर इमरान खान ने भी बताया कि बच्चों के जन्मदिन पर अक्सर लोग बड़े आयोजन करके फिजूलखर्ची करते ऐसे में उन्होंने अपने बच्चे का जन्मदिन सेवा कार्य कर मनाया उन्होंने कहा कि जन्मदिन के मौके पर सभी को जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com